Adda247
GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 28/08/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल नहीं है?

Ans
✗ 1. सीमा सुरक्षा बल
✓ 2. आपराधिक जाँच विभाग
✗ 3. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल
✗ 4. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस

**Q.2** चंडीगढ़ और लक्षद्वीप जैसे केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन के लिए कौन उत्तरदायी होता है?

Ans
✗ 1. पड़ोसी राज्यों के राज्यपाल
✓ 2. भारत का राष्ट्रपति
✗ 3. केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचित मुख्यमंत्री
✗ 4. प्रत्यक्ष रूप से भारत का प्रधानमंत्री

**Q.3** ग्रंथों के अनुसार, गुप्त साम्राज्य काल के दौरान सेना की कौन-सी टुकड़ी, सेना का हिस्सा होने के पश्चात भी युद्ध में विरल हो गई थी?

Ans
✓ 1. रथ
✗ 2. हाथी
✗ 3. पैदल सेना
✗ 4. अश्वारोही सेना

**Q.4** बिरसा मुंडा के जीवन के संबंध में, निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए।

Ans
✓ 1. बिरसा का जन्म, मध्य प्रदेश के जंगलों में हुआ था।
✗ 2. उन्होंने लोगों को यूरोपियों का सर्वनाश करने के लिए उत्तेजित किया।
✗ 3. उन्होंने लोकल मिशनरी स्कूल (local missionary school) में दाखिला लिया था।
✗ 4. उन्होंने अपने लोगों को मुंडाओं का स्वर्ण-युग वापस लाने का सुझाव दिया।

**Q.5** मई 2025 में कर्नाटक में भारत के सबसे बड़े नौसेना बंदरगाह पर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए कौन-सा AI-संचालित एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया गया?

Ans
✗ 1. ड्रोनशील्ड (DroneShield)
✗ 2. स्काइनेट (SkyNet)
✗ 3. एयरोगार्ड (AeroGuard)
✓ 4. इंद्रजाल इन्फ्रा (Indrajaal Infra)

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

**Q.6** सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAGY) निम्नलिखित में से किस वर्ष शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए, आदर्श भारतीय गांव के संबंध में महात्मा गाँधी की व्यापक दृष्टि को वास्तविकता में बदलना था?

**Ans**
- ✗ 1. 2012
- ✗ 2. 2006
- ✗ 3. 2009
- ✓ 4. 2014

**Q.7** निम्नलिखित में से किसके क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार ने 2010-11 से 2014-15 तक की पाँच वर्षों की अवधि में कुल ₹2.31 लाख करोड़ की आवश्यकता का प्राक्कलन किया?

**Ans**
- ✗ 1. सूचना का अधिकार अधिनियम
- ✓ 2. शिक्षा का अधिकार अधिनियम
- ✗ 3. आयुष्मान भारत योजना
- ✗ 4. सर्व शिक्षा अभियान

**Q.8** उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार द्वारा 20 मई 2025 को मीटर कन्वेंशन (Meter Convention) की कौन-सी वर्षगांठ मनाई गई?

**Ans**
- ✗ 1. 100वीं
- ✗ 2. 125वीं
- ✗ 3. 155वीं
- ✓ 4. 150वीं

**Q.9** भारत में मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों की जांच के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) की स्थापना कब की गई थी?

**Ans**
- ✗ 1. 10 दिसंबर 1994
- ✗ 2. 20 फरवरी 1996
- ✗ 3. 15 जनवरी 1995
- ✓ 4. 12 अक्टूबर 1993

**Q.10** निम्नलिखित में से किस बॉलीवुड अभिनेत्री को लॉस एंजिल्स में आयोजित ग्लोबल वैनगार्ड ऑनर, 2025 के उद्घाटन समारोह में सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✗ 1. दीपिका पादुकोण
- ✗ 2. नितांशी गोयल
- ✓ 3. प्रियंका चोपड़ा
- ✗ 4. प्रतिभा रांटा

**Q.11** केरल में कौन-सी फसल मुख्य रूप से रोपण कृषि से संबंधित है?

**Ans**
- ✗ 1. कपास
- ✗ 2. गेहूँ
- ✗ 3. चावल
- ✓ 4. रबर

**Q.12** अंग्रेजों द्वारा शुरू की गई कौन-सी स्थापत्य शैली भारतीय पारंपरिक अवयवों को गोथिक, विक्टोरियन और नव-शास्त्रीय रूपों के साथ जोड़ती है?

**Ans**
- ✗ 1. गोथिक पुनरुद्धार (Gothic Revival)
- ✗ 2. औपनिवेशिक नव-बारोक (Colonial Neo-Baroque)
- ✓ 3. इंडो-सारसेनिक (Indo-Saracenic)
- ✗ 4. विक्टोरियन क्लासिकल (Victorian Classical)

Adda247

Adda247 | GET IT ON Google Play

Q.13 वह प्रक्रिया जिसके द्वारा गुण माता-पिता से संतान में स्थानांतरित होते हैं, उसे ____________ के रूप में जाना जाता है।

Ans
1. उत्परिवर्तन ✗
2. वंशानुक्रम ✓
3. संकरण ✗
4. संबंध ✗

Q.14 पश्चिमी तटीय मैदान, ______ के उदाहरण हैं।

Ans
1. विवर्तनिक तट (tectonic coast) ✗
2. ज्वालामुखीय तट (volcanic coast) ✗
3. निमग्न तट (submerged coast) ✓
4. उन्मज्जी तट (emergent coast) ✗

Q.15 दो ध्वनि तीव्रताओं के बीच के अनुपात को व्यक्त करने के लिए वैज्ञानिक साहित्य में प्रयुक्त अधिमानित इकाई क्या है?

Ans
1. पास्कल (Pascal) ✗
2. हर्टज़ (Hertz) ✗
3. फ़ोन (Phon) ✗
4. डेसिबल (Decibels) ✓

Q.16 IFPI द्वारा किस कलाकार को वर्ष 2024 का ग्लोबल रिकॉर्डिंग आर्टिस्ट चुना गया?

Ans
1. बियॉन्से (Beyoncé) ✗
2. ओलिविया रोड्रिगो (Olivia Rodrigo) ✗
3. टेलर स्विफ्ट (Taylor Swift) ✓
4. बिली एलिश (Billie Eilish) ✗

Q.17 निम्नलिखित में से किस विषय को भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची द्वारा संबोधित किया गया है?

Ans
1. आपातकालीन शक्तियों और प्रक्रियाओं को ✗
2. पंचायती राज व्यवस्था को ✗
3. दलबदल विरोधी प्रावधानों को ✓
4. राज भाषाओं को ✗

Q.18 भारत के प्रथम कृत्रिम उपग्रह का नाम क्या है, जिसने अप्रैल 2025 में 50 वर्ष पूरे कर लिए और जिसे 1975 में प्रक्षेपित किया गया था?

Ans
1. आर्यभट्ट ✓
2. रोहिणी ✗
3. भास्कर ✗
4. इनसैट-1A ✗

Q.19 1947 में स्वतंत्रता के तुरंत बाद भारत के सकल घरेलू उत्पाद में किस क्षेत्र का प्रमुख योगदान था?

Ans
1. औद्योगिक ✗
2. विदेशी व्यापार ✗
3. सेवा ✗
4. कृषि ✓

Q.20 ULPGM-V3 मिसाइल का उड़ान परीक्षण कब और कहां किया गया?

Ans
1. आंध्र प्रदेश (कुर्नूल), 25 जुलाई 2025 ✓
2. महाराष्ट्र (पुणे), 27 जुलाई 2025 ✗
3. राजस्थान (पोखरण), 24 जुलाई 2025 ✗
4. ओडिशा (चांदीपुर), 26 जुलाई 2025 ✗

Adda247

Q.21 भारत में फिल्मों की सार्वजनिक रिलीज से पहले उन्हें प्रमाणन प्रदान करने का कार्य निम्नलिखित में से किस संगठन को सौंपा गया है?

Ans
✗ 1. भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान
✓ 2. केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड
✗ 3. बाल फिल्म सोसायटी, भारत
✗ 4. राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम

Q.22 एल्वियोली और ऊतकों में गैसों का आदान-प्रदान किस प्रक्रिया द्वारा होता है?

Ans
✗ 1. परासरण
✗ 2. निस्तारण
✓ 3. विसरण
✗ 4. निस्यंदन

Q.23 भारत में माल ढुलाई (freight movement) के लिए हवाई परिवहन कम लोकप्रिय क्यों है?

Ans
✗ 1. यह जल परिवहन की तुलना में धीमा और कम दक्ष है।
✓ 2. इसके परिचालन के लिए न्यूनतम अवसंरचना की आवश्यकता होती है।
✗ 3. इसकी पहुंच सुदूर ग्रामीण अंचलों तक व्यापक रूप से है।
✗ 4. यह महंगा है और केवल हल्की, उच्च मूल्य वाली वस्तुओं के लिए ही आदर्श है।

Q.24 खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित नहीं किए गए थे?

Ans
✗ 1. गया
✗ 2. राजगीर
✗ 3. भागलपुर
✓ 4. समस्तीपुर

Q.25 भारत ने _______ तक नवीकरणीय ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्र में US$360 बिलियन से अधिक का निवेश करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

Ans
✓ 1. 2030
✗ 2. 2036
✗ 3. 2032
✗ 4. 2034

Q.26 हिमालय पर्वत श्रृंखलाएँ सिंधु नदी से पश्चिम-पूर्व दिशा में किस प्रमुख भारतीय नदी तक फैली हुई हैं?

Ans
✓ 1. ब्रह्मपुत्र
✗ 2. गंगा
✗ 3. यमुना
✗ 4. गोदावरी

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य-समूह पश्चिमी घाट के निचले क्षेत्र स्थित हैं, जहाँ उपोष्णकटिबंधीय वनस्पति पाई जाती है?

Ans
✗ 1. मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक
✓ 2. केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक
✗ 3. गुजरात, महाराष्ट्र और केरल
✗ 4. आंध्र प्रदेश, केरल और गोवा

Q.28 सार्वजनिक क्षेत्र को महत्व देने वाला औद्योगिक नीति संकल्प किस वर्ष अपनाया गया था?

Ans
✓ 1. 1956
✗ 2. 1947
✗ 3. 1991
✗ 4. 1951

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.29** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म एक इनपुट और एक आउटपुट डिवाइस को सही ढंग से वर्गीकृत करता है?

Ans
- ✗ 1. माउस – आउटपुट डिवाइस, स्कैनर – इनपुट डिवाइस
- ✗ 2. कीबोर्ड – आउटपुट डिवाइस, प्रिंटर – इनपुट डिवाइस
- ✗ 3. जॉयस्टिक – आउटपुट डिवाइस, स्पीकर – इनपुट डिवाइस
- ✓ 4. माइक्रोफ़ोन – इनपुट डिवाइस, मॉनिटर – आउटपुट डिवाइस

**Q.30** अलाउद्दीन खिलजी ने सेना पर नियंत्रण हेतु दाग और हुलिया (Dagh and Huliyah) तंत्र की शुरुआत की। हुलिया का संबंध किससे था?

Ans
- ✗ 1. घोड़े के चिह्नांकन से
- ✓ 2. सैनिक के विवरण से
- ✗ 3. भू-राजस्व से
- ✗ 4. सैनिक के वेतन से

**Q.31** भारत में औपनिवेशिक काल के दौरान, वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट (1878) _____ द्वारा लागू किया गया था।

Ans
- ✗ 1. लॉर्ड रिपन (Lord Ripon)
- ✓ 2. लॉर्ड लिटन (Lord Lytton)
- ✗ 3. लॉर्ड कर्जन (Lord Curzon)
- ✗ 4. लॉर्ड वेलेजली (Lord Wellesley)

**Q.32** निम्नलिखित में से कौन-सी, भारत में राज्य विधान परिषद की विशेषता है?

Ans
- ✗ 1. इसका कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है
- ✗ 2. इसे विधान सभा की तरह भंग किया जा सकता है
- ✗ 3. जनता अपने सदस्यों का प्रत्यक्ष निर्वाचन करती है
- ✓ 4. यह एक स्थायी निकाय है और इसे भंग नहीं किया जा सकता है

**Q.33** कीबोर्ड शॉर्टकट Ctrl + Z का कार्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. किसी कार्य को पुन: करना
- ✗ 2. विंडो क्लोज करना
- ✗ 3. विंडो को ज़ूम करना
- ✓ 4. अंतिम क्रिया पूर्ववत करना

Adda247

**Q.34** अक्टूबर 2024 में शुरू की गई आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रत्येक भारतीय नागरिक को प्रत्येक वर्ष कितनी राशि तक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्राप्त होगा?

Ans
- ✓ 1. ₹5 लाख
- ✗ 2. ₹8 लाख
- ✗ 3. ₹3 लाख
- ✗ 4. ₹7.5 लाख

**Q.35** अप्रैल 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारत ने __________ शहरों में चिप-इनेबल्ड बायोमेट्रिक ई-पासपोर्ट ( chip-enabled biometric e-passport) लॉन्च किए।

Ans
- ✗ 1. 9
- ✓ 2. 13
- ✗ 3. 11
- ✗ 4. 15

**Q.36** अप्रैल 2025 में प्रकाशित पुस्तक 'द चर्न (The Churn)' के लेखक कौन हैं?

Ans
- ✗ 1. हिमांशु रॉय
- ✓ 2. डॉ. विजय दर्डा
- ✗ 3. अरविंद कुमार
- ✗ 4. बंडारू दत्तात्रेय

Q.37 जनवरी 2025 में जारी हेनले पासपोर्ट इंडेक्स के अनुसार, 2025 के लिए भारत की ग्लोबल पासपोर्ट रैंकिंग क्या है?

Ans
- ✗ 1. 80वीं
- ✓ 2. 85वीं
- ✗ 3. 88वीं
- ✗ 4. 83वीं

Q.38 असम के किस शहर ने जून 2025 में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन संभावित क्षेत्रों के निवासियों को निकासी नोटिस (evacuation notice) जारी किया है?

Ans
- ✗ 1. सिलचर
- ✗ 2. जोरहाट
- ✓ 3. गुवाहाटी
- ✗ 4. डिब्रूगढ़

Q.39 इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में प्रति दस लाख जनसंख्या पर कितने न्यायाधीश हैं?

Ans
- ✗ 1. 10
- ✗ 2. 17
- ✗ 3. 21
- ✓ 4. 15

Q.40 निम्नलिखित में से किस वर्ष होम रूल लीग की स्थापना हुई और उसे अभूतपूर्व सफलता मिली?

Ans
- ✗ 1. 1909
- ✓ 2. 1916
- ✗ 3. 1919
- ✗ 4. 1906

## Section : Mathematics

Q.1 प्रथम 163 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 163.5
- ✓ 2. 164
- ✗ 3. 165
- ✗ 4. 164.5

Q.2 एक व्यापारी अंकित मूल्य पर खरीदे गए प्रत्येक रसोई सेट के साथ एक रसोई सेट मुफ़्त देता है। यदि वह फिर भी 20% का लाभ अर्जित करता है, तो व्यापारी ने रसोई सेट का अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक निर्धारित किया है?

Ans
- ✓ 1. 140%
- ✗ 2. 50%
- ✗ 3. 150%
- ✗ 4. 40%

Q.3 96 और 54 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 72
- ✗ 2. 69
- ✗ 3. 71
- ✗ 4. 75

Adda247

**Q.4** 8 वर्ष पहले, एक पिता की आयु, उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 20 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्षों बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी होगी?

**Ans**
- ✗ 1. 8
- ✓ 2. 12
- ✗ 3. 16
- ✗ 4. 7

**Q.5** $\sqrt{121} + \sqrt{0.0225} - \sqrt{5.76}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 13.05
- ✗ 2. 12.62
- ✓ 3. 8.75
- ✗ 4. 5.35

**Q.6** $\frac{5}{3} + \left(\frac{1}{1+\frac{4}{9}}\right) - \frac{2}{5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $\frac{380}{197}$
- ✓ 2. $\frac{382}{195}$
- ✗ 3. $\frac{384}{191}$
- ✗ 4. $\frac{379}{201}$

**Q.7** पल्लवी ने एक खिलौना ₹578 में खरीदा, उसे ₹14 की लागत से सजाया और खिलौने को ₹476 में बेच दिया। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. $\frac{725}{37}\%$ हानि
- ✗ 2. $\frac{735}{37}\%$ लाभ
- ✗ 3. $725\%$ हानि
- ✗ 4. $\frac{725}{37}\%$ लाभ

**Q.8** उस सबसे बड़े वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए जिसे 63 m और 116 m विमाओं वाले एक आयत के अंदर पूर्णतः खींचा जा सकता है।
($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans**
- ✗ 1. 200
- ✗ 2. 190
- ✗ 3. 202
- ✓ 4. 198

**Q.9** $7^2 + \sqrt{8^2} - 5\sqrt{16} - 14$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 26
- ✓ 2. 23
- ✗ 3. 16
- ✗ 4. 31

Adda247

**Q.10** संख्या 716710501 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
1. 20 ✗
2. 13 ✓
3. 19 ✗
4. 16 ✗

**Q.11** किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{5}{14}$ पर बेचने पर, हितेश को 25% की हानि होती है। यदि वह इस वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 58% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 22.5% ✗
2. 23.7% ✗
3. 23.1% ✗
4. 21.8% ✓

**Q.12** △ABC में, D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 58° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 16° है। ∠AEB की माप कितनी है?

Ans
1. 52° ✗
2. 42° ✗
3. 48° ✓
4. 49° ✗

**Q.13** X, Y और Z ने क्रमशः 16 : 82 : 2 के अनुपात में एक धनराशि का निवेश किया। यदि उन्होंने वर्ष के अंत में कुल ₹2,750 का लाभ अर्जित किया, तो Y और Z के हिस्से में कितना अंतर है?

Ans
1. ₹2,200 ✓
2. ₹2,191 ✗
3. ₹2,159 ✗
4. ₹2,122 ✗

**Q.14** यदि किसी निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज ₹6,534 है, और ब्याज की दर 20% वार्षिक है जो वार्षिक रूप से संयोजित होती है, तो धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹27,225 ✓
2. ₹28,030 ✗
3. ₹27,630 ✗
4. ₹28,205 ✗

**Q.15** 75 का 65%, 45 के $\frac{3}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
1. 21.75 ✓
2. 15.75 ✗
3. 18.75 ✗
4. 19.75 ✗

Adda247

**Q.16** पाइप A किसी टैंक को 11 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 24 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 19 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✗ 1. $9\frac{371}{929}$ घंटे
- ✗ 2. $7\frac{371}{929}$ घंटे
- ✗ 3. $4\frac{371}{929}$ घंटे
- ✓ 4. $5\frac{371}{929}$ घंटे

**Q.17** निम्न को सरल कीजिए:

$$\frac{(\tan^2\beta\ \mathrm{cosec}^2\beta)}{(1+\tan^2\beta)}$$

**Ans**
- ✓ 1. $1$
- ✗ 2. $\sec\beta$
- ✗ 3. $-1$
- ✗ 4. $\tan\beta$

**Q.18** M और N एक व्यवसाय शुरू करते हैं। M, 6 महीने के लिए, N के निवेश से ₹17,000 अधिक निवेश करता है और N, 5 महीने के लिए निवेश करता है। कुल लाभ ₹1,494 में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹498 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूंजी ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹42,661
- ✗ 2. ₹42,326
- ✓ 3. ₹42,500
- ✗ 4. ₹42,304

**Q.19** 374 और 381, दोनों संख्याओं सहित, इनके बीच अभाज्य संख्याओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 3
- ✗ 2. 4
- ✗ 3. 2
- ✓ 4. 1

**Q.20** किसी कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 14,568 है। इसमें दो क्रमिक वर्षों में 25% और 60% की वृद्धि होती है, लेकिन तीसरे वर्ष में 50% की कमी हो जाती है। तीसरे वर्ष के अंत में कस्बे की जनसंख्या कितनी है?

**Ans**
- ✗ 1. 14,565
- ✗ 2. 14,573
- ✓ 3. 14,568
- ✗ 4. 14,563

**Q.21** एक व्यक्ति विशाखापट्टनम से नागपुर 3 km/hr की चाल से जाता है और उसी मार्ग से 6 km/hr की चाल से विशाखापट्टनम वापस आता है। संपूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 2
- ✗ 2. 3
- ✓ 3. 4
- ✗ 4. 7

| | |
|---|---|
| Q.22 | दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 72 और 432 है। यदि उनमें से एक संख्या 144 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 216<br>✘ 2. 72<br>✘ 3. 144<br>✘ 4. 288 |

| | |
|---|---|
| Q.23 | दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 110 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. 11<br>✘ 2. 3<br>✘ 3. 7<br>✘ 4. 5 |

| | |
|---|---|
| Q.24 | ₹1,200 पर 4% मासिक ब्याज दर से 10 माह के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. ₹80<br>✔ 2. ₹40<br>✘ 3. ₹60<br>✘ 4. ₹480 |

| | |
|---|---|
| Q.25 | एक पुस्तक को 8%, 4% और 5% की तीन क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है। यदि पुस्तक का अंकित मूल्य ₹3,125 है, तो इसका शुद्ध विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. ₹2,594<br>✘ 2. ₹2,465<br>✔ 3. ₹2,622<br>✘ 4. ₹2,492 |

| | |
|---|---|
| Q.26 | उस पांच सदस्य वाले परिवार का औसत वजन ज्ञात कीजिए, जिसके सदस्यों का वजन क्रमशः 40 kg, 49 kg, 56 kg, 75 kg और 37 kg है। |
| Ans | ✘ 1. 52.4 kg<br>✘ 2. 53.4 kg<br>✔ 3. 51.4 kg<br>✘ 4. 50.4 kg |

| | |
|---|---|
| Q.27 | पाइप P एक टैंक का $\frac{4}{5}$ भाग 12 घंटे में भर सकता है और पाइप Q उसी टैंक का $\frac{2}{7}$ भाग 30 घंटे में भर सकता है।<br>P और Q दोनों को 5 घंटे तक खुला रखा गया, फिर दोनों को बंद कर दिया गया। फिर अकेले पाइप R को खोला गया<br>और इसके द्वारा टैंक का पूरा पानी 8 घंटे में खाली हो गया।<br>पाइप P, Q और R एक साथ खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं? |
| Ans | ✘ 1. 17 घंटे<br>✘ 2. 18 घंटे<br>✔ 3. 35 घंटे<br>✘ 4. 43 घंटे |

| | |
|---|---|
| Q.28 | उस बेलनाकार कंटेनर का आयतन कितना है, जिसकी आधार त्रिज्या 3.5 मीटर तथा ऊंचाई 5.2 मीटर है? |
| Ans | ✔ 1. $63.7\pi$ घन मीटर<br>✘ 2. $68.6\pi$ घन मीटर<br>✘ 3. $67.3\pi$ घन मीटर<br>✘ 4. $65.4\pi$ घन मीटर |

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.29 दिए गए व्यंजक को सरलीकृत कीजिए।

$x(7x - 5) + 3(x^2 - 2) + 14$

Ans
1. $-10x^2 - 5x + 8$
2. $-10x^2 - 5x - 8$
3. $10x^2 - 5x - 8$
4. $10x^2 - 5x + 8$ ✔

Q.30 ट्रेन A, स्टेशन M से 6:30 AM पर निकलती है और उसी दिन 3:30 PM पर स्टेशन N पर पहुँचती है। ट्रेन B, स्टेशन N से 8:30 AM पर निकलती है और उसी दिन 2:30 PM पर स्टेशन M पर पहुँचती है। ट्रेन A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 11:18 AM ✔
2. 11:08 AM
3. 12:18 PM
4. 11:38 AM

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

82 , 83 , 85 , 89 , 97 , ?

Ans
1. 121
2. 131
3. 113 ✔
4. 112

Q.2 छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B, E के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। F पंक्ति के दाहिने छोर पर बैठा है। B और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो
2. एक
3. चार
4. तीन ✔

Q.3 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 8 € 1 @ % 5 5 3 % © 2 € £ 7 1 # 8 % 8 7 2 @ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
1. 3
2. 2 ✔
3. 4
4. 1

Q.4 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. JMSZ
2. NQWD
3. SVBI
4. CELS ✔

**Q.5** यदि + का अर्थ –, – का अर्थ ×, × का अर्थ ÷ और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8 – 3 + 63 × 3 ÷ 14 = ?

**Ans**
✗ 1. 12
✗ 2. 30
✗ 3. 24
✓ 4. 17

**Q.6** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TAME' को '4257' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MIND' को '1365' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
✗ 1. 1
✓ 2. 5
✗ 3. 7
✗ 4. 6

**Q.7** यदि संख्या 3147569 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans**
✗ 1. एक
✗ 2. तीन
✗ 3. एक की भी नहीं
✓ 4. दो

**Q.8** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से QERG का संबंध WJVJ से है। उसी तरीके से, OYHS का संबंध UDLV से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से GNTB का संबंध किससे है?

**Ans**
✗ 1. MXEW
✗ 2. MSWE
✓ 3. MSXE
✗ 4. MSEX

**Q.9** एक निश्चित कूट भाषा में, 'FLAG' को '7239' और 'ALIF' को '3289' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' का कूट क्या होगा?

**Ans**
✗ 1. 3
✗ 2. 2
✓ 3. 8
✗ 4. 9

**Q.10** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी अभिनेता, नर्तक हैं।
कुछ नर्तक, जादूगर हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी नर्तक, अभिनेता हैं।
(II) कोई भी जादूगर, नर्तक नहीं है।

**Ans**
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Adda247

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

IGE 13, LJH 17, OMK 21, RPN 25, ?

Ans
1. VTQ 28
2. UTS 29
3. VTS 29
4. USQ 29

Q.12 सात बॉक्स, A, B, C, D, M, N और O, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
C के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। O और C के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। O और N के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। N को C के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। A को N के ठीक नीचे रखा गया है। B को D के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। M को O के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है।
किस बॉक्स को सबसे नीचे रखा गया है?

Ans
1. M
2. A
3. O
4. D

Q.13 M, L का पुत्र है। L, D का पिता है। D, N का भाई है। N, A की बहन है। A, K की पुत्री है। K, Q की माता है। N का विवाह S से हुआ है। S, C का पिता है। L का C से क्या संबंध है?

Ans
1. माता के भाई
2. पिता के पिता
3. माता के पिता
4. पिता के भाई

Q.14 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 एवं 3 में तोड़ना और फिर 1 एवं 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

11, 96
10, 75

Ans
1. 13, 134
2. 12, 120
3. 14, 172
4. 9, 56

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. JN-EH
2. QU-LO
3. NR-IL
4. LP-GI

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.16 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. SL-XQ
✓ 2. CW-HA
✗ 3. GZ-LE
✗ 4. WP-BU

Q.17 शहर J, शहर K के दक्षिण में है। शहर L, शहर K के पूर्व में है। शहर M, शहर L के उत्तर में है। शहर N, शहर M के पूर्व में है। शहर O, शहर N के उत्तर-पूर्व में है। शहर J के संबंध में शहर O की स्थिति क्या है?

Ans
✗ 1. दक्षिण
✓ 2. उत्तर-पूर्व
✗ 3. दक्षिण-पूर्व
✗ 4. दक्षिण-पश्चिम

Q.18 उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े 161 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में मिस्टर इंटू, बाएं छोर से 98वें स्थान पर हैं। यदि मिस्टर टोनी, मिस्टर इंटू के दाएं से 20वें स्थान पर हैं, तो पंक्ति के दाएं छोर से मिस्टर टोनी का स्थान कौन-सा है?

Ans
✗ 1. 43वां
✗ 2. 41वां
✓ 3. 44वां
✗ 4. 42वां

Q.19 कबीर, सुमित, रणवीर, मधु, समीर और तन्वी एक वृत्त के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। रणवीर, समीर के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। समीर, मधु के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। सुमित, समीर के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। कबीर, तन्वी के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। कबीर के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. समीर
✗ 2. तन्वी
✗ 3. सुमित
✓ 4. रणवीर

Q.20 यदि संख्या 9254631 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो कितने अंकों की स्थिति, मूल संख्या की तुलना में अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✗ 1. एक भी नहीं
✗ 2. तीन
✓ 3. दो
✗ 4. एक

Q.21 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ मैगपाई, हंस हैं।
कोई हंस, सीगल नहीं है।

निष्कर्ष:
I: कुछ मैगपाई, सीगल हैं।
II: कोई सीगल, मैगपाई नहीं है।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✓ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

ROP 1, VST 3, ZWX 5, DAB 7, ?

Ans
1. HGF 11
2. HGF 9
3. HEF 11
4. HEF 9 ✔

Q.23 एक निश्चित तरीके से JM 8 का संबंध FI 11 से है। उसी तरीके से, LO 19 का संबंध HK 22 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UX 27 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
1. QT 33
2. PT 33
3. QT 30 ✔
4. PT 30

Q.24 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से URKE का संबंध QOGB से है। उसी तरीके से, EFUS का संबंध ACQP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से SWIJ का संबंध किससे है?

Ans
1. OETY
2. OTYU
3. OGET
4. OTEG ✔

Q.25 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंको वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 666 714 792 824 596 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
1. 7
2. 9
3. 11 ✔
4. 13

Q.26 किया अपनी कक्षा में नीचे से 7वें स्थान पर तथा ऊपर से 15वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 20
2. 22
3. 19
4. 21 ✔

Q.27 संख्या 817594326 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएं से चौथा होगा?

Ans
1. 3
2. 6
3. 5
4. 4 ✔

Adda247

Q.28 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

312 320 329 ? 350 362

Ans
1. 337
2. 336
3. 339 ✔
4. 341

Q.29 हनीश, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, फिर से दाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans
1. 2 km, पूर्व की ओर ✔
2. 3 km, पश्चिम की ओर
3. 2 km, पश्चिम की ओर
4. 3 km, पूर्व की ओर

Q.30 नीचे दी गई श्रृंखला में, प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

425 300 236 209 201 ?

Ans
1. 200 ✔
2. 152
3. 182
4. 172